डायरिया से ग्रसित बच्चे अस्पताल में भर्ती

अस्पताल में संक्रामक रोगियों की बढ़ी तादात

अस्पताल में भर्ती डायरिया से पीड़ित बच्चे

रामनगर। गर्मी का मौसम शुरू होते ही संयुक्त चिकित्सालय में उल्टी दस्त से पीड़ित मासूम बच्चों की संख्या में हर रोज बढ़ोत्तरी हो रही है तथा डायरिया बीमारी से पीड़ित इस अस्पताल में हर रोज भारी संख्या में मरीज उपचार के लिये पहुंच रहे हैं। अस्पताल में खास तौर पर डायरिया से पीड़ित बच्चों के अलावा कई अन्य मरीज भी हर रोज भारी संख्या में उपचार कराने के लिये पहुंच रहे हैं तथा डायरिया से पीड़ित गंभीर मरीजो को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। वहीं इस बीमारी से मामूली रूप से पीड़ित बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी जा रही है। डायरिया से पीड़ित गूलरघट्टी निवासी सादाव अली की 11 माह की पुत्री फातिमा, गूलरघट्टी के रियाज की एक वर्ष की पुत्री अरहम, गूलरघट्टी निवासी राजेंद्र सिंह की सात माह की पुत्री यशोदा, खताड़ी निवासी मोहम्मद नौशाद की आठ माह की पुत्री शिफा, खताड़ी निवासी रिहान का एक वर्ष पुत्र अरहान तथा खताड़ी निवासी अकरम की 11 माह की पुत्री अलिना जोकि डायरिया रोग से पीड़ित थी। इन सभी बच्चों को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां कुछ बच्चों की हालत नाजुक होने पर उन्हें उपचार व आवश्यक सलाह देने के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि गंभीर रूप से बीमार बच्चों को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।

दूषित पेयजल का न करें सेवन : डा. पुनेठा

रामनगर। संयुक्त चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डा राजीव पुनेठा ने बताया कि डायरिया की बीमारी दूषित पेयजल का उपयोग करने से होती है। उन्होने बताया कि चिकित्सालय में वर्तमान में डायरिया व बुखार से पीड़ित हर रोज उनकी ओपीडी में 150 से अधिक बच्चे उपचार के लिये आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि डायरिया बीमारी से बचने के लिये अभिभावक बच्चों को दूषित पेयजल व गंदगी से दूर रखते हुये उन्हें शुद्ध व उबला हुआ पानी का सेवन करायें।

नाले में महिला का अधजला शव मिला

♦हत्या की आशंका, क्षेत्र में दहशत का माहौल ♦मुख्य सड़क से अंदर जंगल में पड़ा मिला शव

कालाढूंगी। कालाढूंगी से नैनीताल को जाने वाले मार्ग में अक्सर महिला व पुरुष के अज्ञात शव पड़े मिलने के सिलसिले थम नहीं रहे हैं। अब कालाढूंगी-रामनगर मार्ग में बैलपड़ाव स्थित करकट नाले में एक महिला का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शव किस महिला का है यह मामला अभी अज्ञात बना हुआ है। बहरहाल महिला की हत्या कर शव को नाले में फेंके जाने या मारकर नाले में जलाए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह अधजला शव मुख्य मार्ग से लगभग एक किमी अंदर जंगल की तरफ पड़ा पाया गया है।

मंगलवार को कालाढूंगी थाना अंतर्गत बैलपड़ाव के करकट नाले में किसी ग्रामीण ने शव को देखने के बाद गांव में बताया। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गयी। जिसके बाद किसी ने बैलपड़ाव व कालाढूंगी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शांति कुमार गंगवार व बैलपड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी सुशील जोशी टीम के साथ नाले में पहुंचे। बुरी तरह से जल जाने की वजह से शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कालाढूंगी थानाध्यक्ष शांति कुमार गंगवार ने बताया कि आसपास के सभी थानों में इसकी सूचना दे दी गयी है। ग्रामीणों को बुलाकर शव की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। निर्धारित घंटों के लिए शव को शिनाख्त हेतु मोर्चरी में रखा जाएगा। सूचना मिलने के बाद एसएसपी सुनील कुमार मीणा, एएसपी अमित श्रीवास्तव, सीओ पंकज गैरोला ने मौका मुआयना कर थानाध्यक्ष व ग्रामीणा से जानकारी ली।

कहीं और मार कर जंगल में जलाने की आशंका

कालाढूंगी। मुख्य मार्ग से लगभग एक किमी दूर घने जंगल के बीच नाले में महिला का अधजला शव मिलने से कई सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों द्वारा शिनाख्त न किये जाने से प्रतीत होता है कि शव को कहीं से यहां लाकर फैंका गया होगा या फिर मारकर यहां नाले में शव को जलाकर सबूत खत्म करने का प्रयास किया गया है।

नहर के दलदल में गिर कर युवक की मौत

युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

किच्छा। नहर के दलदल में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर एक निवासी श्याम राय पुत्र माधव राय अपने घर के पास पनचक्की नहर के किनारे बने मंदिर में सो गया। वह नींद में नहर के दलदल में गिर गया। उसका शव दलदल में ही पड़ा मिला। जिसकी जानकारी एक महिला ने श्यामराय के परिवार को दी। आनन फानन में घटना स्थाल पर पहुंचे परिजनों ने श्यामराय को नहर से निकालकर किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किच्छा पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुलजीत की मौत का जल्द खुलेगा रहस्य

लालकुआं कोतवाली में कोतवाल से रायशुमारी करते अपर पुलिस अधीक्षक श्रीवास्तव

लालकुआं। कुलजीत की मौत का पर्दाफास करने को लेकर पुलिस और एसओजी ने व्यापक छानबीन की। इस मामले में कई लोगों को उठाकर पूछताछ कर मामला खुलासे के करीब पहुंचा दिया है। संभावना है कि जल्द ही कुलजीत के हत्यारे सलाखों के पीछे होंगे। मंगलवार दोपहर कोतवाली पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने घटनास्थल पर जाकर एवं कोतवाली में मामले की तफ्तीश कर रहे पुलिसकर्मियों से बातचीत की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस कुलजीत की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के करीब पहुंच चुकी है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी। उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड का कोतवाली पुलिस जल्द ही खुलासा कर आरोपियों को सजा दिलवायेगी। पुलिस और एसओजी हत्यारों के करीब तक पहुंच चुकी है और मजबूत सुराग हाथ लग चुके हैं। जल्द ही दोषी सलाखों के पीछे होंगे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक से मिलने पंजाबी समुदाय के लोग एवं मृतका कुलजीत की छोटी बहन सुरजीत कौर भी पहुंची। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर कोतवाल योगेश चन्द्र उपाध्याय, समाजसेवी सरदार निर्मल सिंह, हेमन्त नरूला, अनूप भाटिया, राजकुमार सेतिया और संजय अरोरा सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

युवक की मौत पर तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा

बारात के घर आने के दौरान खाई में मिला था शव

बेरीनाग। ब्लॉक के सिमायल गांव में शनिवार को गांव से गंगोलीहाट एक बारात गयी थी, जिसमें शाम को बारात घर आने के बाद गांव के 28 वर्षीय युवक गोविंद सिंह रावल पुत्र जगत सिंह रावल का एक खाई में शव मिला था। इस पर मृतक के भाई त्रिलोक सिंह ने मंगलवार को राजस्व उप निरीक्षक भुवनेश्वर को सिमायल गांव के तीन युवक दीपक सिंह, नवीन सिंह, पुष्कर सिंह के खिलाफ हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज की है। राजस्व उप निरीक्षक भुवनेश्वर मोहित चंद ने बताया कि धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है। इसकी जांच की जा रही है। जांच करने के बाद आरोपी युवाओं की गिरफ्तारी की जायेगी। इधर तीन युवक वर्तमान में दिल्ली में नौकरी करते हैं, जो बारात में शामिल होने गांव में आये थे।

ठंडी हवाओं के झोकों से मिली राहत

हल्द्वानी। मंगलवार का दिन शहरवासियों के लिए खुशनुमा रहा। सुबह से शाम तक आसमान में हल्के बादल छाये रहने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। साथ ही दोपहर में चलने वाली गर्म हवाओं की गति धीमी होने से भी लू नहीं चली। शहर का अधिकतम तापमान 39 तथा न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। बता दें कि पिछले कुछ समय से पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजन को बेहाल कर रखा था। दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया था। वहीं शहर के प्रमुख बाजार में भी सुनसानी छायी रही। लोग सूरज छिपने के बाद बाजार में खरीददारी को उमड़ रहे थे। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाने से ठंडी हवाओं के झोकों ने लोगों को गर्म से राहत दी। दोपहर के समय बादलों के चलते धूप की लुकाछुपी जारी रही। इससे आमजन ने कुछ चैन की सांस ली। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तथा न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

उजाला नगर में पेयजल संकट

क्षेत्रवासियों ने किया ईई का घेराव

हल्द्वानी में अधिशासी अभियंता का घेराव करते लोग

हल्द्वानी। इंदिरानगर के बाद अब उजाला नगर में भी पेयजल संकट गहरा गया है। गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्र के दर्जनों लोग कांग्रेस नेता रोमी वारसी के नेतृत्व में मंगलवार को जल संस्थान कार्यालय जा धमके और अधिशासी अभियंता का घेराव कर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की। लोगों का कहना था कि क्षेत्र में पेयजल सप्लाई तो पर्याप्त है लेकिन जल संस्थान के अफसरों की लापरवाही से आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले लम्बे समय से उजाला नगर के तमाम क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति ठप पड़ी है। इससे करीब 400 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उजाला नगर क्षेत्र में धोबीघाट वाले ट्यूबवेल से आपूर्ति होती है, लाइन में पर्याप्त पानी भी है लेकिन तकनीकी कारणों से परेशानी हो रही है। जल संस्थान के अधिकारी इस कमी को दूर नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी विभाग को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं तक नहीं हो सका है। अधिशासी अभियंता विशाल कुमार सक्सेना ने लोगों को शीघ्र से शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मेहरबान, विशाल, नादिर, शाहिद मलिक, शमीम अहमद, मो. आरिफ, इकरार समेत कई लोग मौजूद थे।

विष्णुपुरी और ज्ञानखेड़ा में आ रहा गन्दा पानी

पाइप लाइन ठीक न होने पर आन्दोलन की चेतावनी

टनकपुर। जल संस्थान की पाइप लाइन फटने से विष्णुपुरी कालोनी, ज्ञानखेड़ा, बिचई, आमबाग आदि क्षेत्रों में नलों से गन्दा पानी आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल संस्थान के अधिकारियों को कई बार मामले की जानकारी दी गई है लेकिन पाइपों की मरम्मत का काम नहीं किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रकाश मुरारी, नवीन राय, हरीश सिंह आदि ने बताया कि खटीमा रोड पर धर्मकांटे के पास एनएच के किनारे से गुजर रहे जल संस्थान की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी रोज बेकार बह रहा है। पानी बंद होने के बाद एकत्रित हुआ गन्दा पानी पुनः नलों में आ रहा है। इस सम्बंध में विभाग को अवगत करा दिया है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया कि नलों में गन्दा पानी जमा होने से सुबह के समय सारा पानी मटमैला आ रहा है जिसे पीने के कारण बीमारियां होने की आशंका पैदा हो गई है। उन्होंने विभाग से शीघ्र पेयजल लाइन ठीक करने की मांग की है। लोगों ने शीघ्र पाइप लाइन ठीक न होने पर विभाग के खिलाफ आन्दोलन की चेतावनी दी है।

पांच संदिग्धों का होगा नार्को टेस्ट

महिला सरपंच हत्या प्रकरण

लोहाघाट। पाटी ब्लाक अंतर्गत गत वर्ष 14 दिसंबर को ब्रुशखोला में वृद्ध महिला सरपंच की हत्या व लूट की घटना में पुलिस अब पांच संदिग्ध लोगों का नार्को टेस्ट कराने जा रही है। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक डीएस गुंज्याल द्वारा पुलिस की छह अलग-अलग टीमों को इस काम में लगा दिया है तथा स्वयं सभी टीमों की प्रगति की रोज समीक्षा कर रहे थे। एसपी के अनुसार मृतका के मोबाईल के आधार पर पुलिस द्वारा चार सौ अधिक ऐसे लोगों से पूछताछ की गई जो उक्त महिला के संपर्क में थे। पुलिस द्वारा पांच लोगों को नार्को टेस्ट के लिए चिन्हित कर लिया है। यह सभी लोग मृतक सरपंच के निकटतम संबंधी बताए जाते है।

पुलिस द्वारा चिन्हित लोगों के नार्को टेस्ट के लिए न्यायालय से याचना की गई थी। जिसकी अनुमति मिल चुकी है। अब चिन्हित पांच व्यक्तियों को नार्को टेस्ट कराने के लिए गुजरात के गांधी नगर प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। एसपी के अनुसार सरपंच उक्त गांव में अकेले रहती थी तथा उसका घर भी आबादी से हटके था। बदमाश उसकी हत्या कर घर से लाखों रुपये के जेवरात व नगदी ले गये थे। एसपी ने दावा किया है कि पुलिस की गहन छानबीन में पांच संदिग्ध व्यक्ति सामने आए है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि नार्को टेस्ट से इस हत्याकांड का पर्दाफाश हो जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ 2019
अप्रैल 2019 से
कक्षा शिशु से पंचम तक
भारत सरकार द्वारा विशेष नर्सरी स्कूल मान्यता
सरस्वती शिशु मन्दिर
(अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम)
जीवनधाम, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड
Ph:05962-233513,9411334293, E-mail:ssmjalmora@gmail.com
♦कम्प्यूटर शिक्षण कक्षा प्रथम से स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था
♦प्रतिदिन ध्यान एवं योग का अभ्यास ♦संगीत एवं घोष का अभ्यास
विद्यालय की विशेषताएं :-♦अंग्रेजी ♦प्रश्न मंच ♦विज्ञान प्रयोगशाला ♦नर्सरी (शिशु) कक्षा में विशेष अंग्रेजी शिक्षण ♦खेल का मैदान (अखिल भारतीय स्तर तक खेल प्रतियोगिताएं)♦भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा ♦योग्य एवं प्रशिक्षित आचार्य ♦समय-समय पर अभिभावक सम्मेलन ♦शिशु विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं ♦सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय की विशेष तैयारी करायी जाती है।
सतीश गुप्ता व्यवस्थापक | भैरव सिंह कार्की प्रधानाचार्य | गोपाल सिंह सामा उपाध्यक्ष | डा. एस.एस.पाथनी अध्यक्ष

जंगल में आग लगाता व्यक्ति गिरफ्तार

बागेश्वर। जंगल में आग लगाते हुए वन विभाग ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वन विभाग आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गया है। वन रेंज बागेश्वर के छतीना कंपाउंड नंबर 16 में मुकेश कुमार पुत्र जीवन लाल निवासी स्यालडोबा आग लगा रहा था। उसे आग लगाते हुए वन विभाग के कर्मचारियों ने देख लिया। वन दरोगा गणेश सिंह असवाल व उनकी टीम ने इस दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर भारतीय वन अधिनियम की धारा 26 ग के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अधिनियम के तहत आरोपित को चार साल की सजा भी हो सकती है। वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग फिलहाल नाकाम ही साबित हो रहा है। अभी तक जिले में 25 घटनाएं हो चुकी हैं। 18 हेक्टेयर से अधिक वन आग की भेंट चढ़ चुका है। जिसमें सबसे अधिक नुकसान बागेश्वर, बैजनाथ और धरमघर रेंज में हुआ है। वन विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है।

नेपाली शराब के साथ बाइक सवार दबोचा

एसएसबी जवानों की गिरफ्त में नेपाली शराब के साथ आरोपी

खटीमा। एसएसबी ने नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को बाइक सहित दबोचा है। मंगलवार को 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल डी. समवाय नारायण नगर प्रभारी निरीक्षक हरिभजन रतूड़ी को मुखबिर ने सूचना दी कि एक बाइक सवार नेपाल से सामान लेकर आ रहा है। सूचना मिलते ही एसएसबी के जवानों को गश्त करने के निर्देश दिये गये। इसी बीच जवानों को सीमा स्तम्भ संख्या 798/15 की तरफ से एक युवक बाइक से आता दिखाई दिया। जवानों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर बाइक में रखे थैले में 150 क्वार्टर नेपाली शराब बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रेम सिंह निवासी चौड़ापानी कालपुल बताया। प्रभारी निरीक्षक रतूड़ी ने बताया कि पकड़े गये युवक को नेपाली शराब व बाइक सहित झनकईया पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। टीम में उपनिरीक्षक मग सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, दुर्ग विजय, सूरज पाल सिंह आदि मौजूद थे।

Affiliated to C.B.S.E., New Delhi Aff.No. : 3530409
GREEN FIELD PUBLIC SCHOOL
Jakhan Devi, Almora-263601. Ph. 05962-234464
A Senior Secondary School
ADMISSION OPEN 2019-20
Play Group to Class XII
Science & Commerce Stream
♦Picturesque, Pollution free, peaceful campus with vast play grounds & school is situated in the heart of the City. ♦Spacious, well lighted classrooms with dedicated & experienced teachers. ♦Practical computer & smart classes from Class-I onwards. ♦Compulsory participation in extra curricular activities. ♦Carrier counselling. ♦Strict discipline is our first priority. ♦Well equipped Science & Computer labs. ♦Transportation facility available. ♦Nominal Fee- Structure. Golden School Award Winner at National Level by Indian Talent Group
Lokesh Pasar, Class X participated in "Darshan" Pe Charcha with Prime Minister
Gatik Raj Sah, Class IV National Topper G.K. Indian Talent
Ruchi Negi, Class X State Topper Art Indian Talent
Anadhya Joshi, Class III State Topper Science Indian Talent
Kanak Negi, Class VII Participated in Inspire Award State Level
Arsh Bhakuni, Class VI State Topper G.K. Indian Talent
Jaan Maurya, Class VIII State Topper Science Indian Talent
Priyanshu Bakoti, Class VIII State Topper G.K. Indian Talent
Nikita Pasar, Class VII Bhartiya Sanskriti Gun Parikshe State Topper 23rd
ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल जाखनदेवी, अल्मोड़ा सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय है, जिसकी स्थापना सन् 2002 में की गई थी। विद्यालय सभी सुविधाओं प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, खेल मैदान और आधारभूत ढ़ांचों से सुसज्जित है। विद्यालय शिक्षा और विद्यालय के विभिन कार्यक्रमों के अतिरिक्त नगर में आयोजित विभिन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करता है। इस शिक्षा सत्र से विद्यालय में विज्ञान और कामर्स में इंटरमीडिएट की कक्षाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों का नेशनल इंडियन टेलेंट ओलंपियाड मुंबई द्वारा आयाजित स्पर्द्धा में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर शनदार प्रदर्शन रहा है। विद्यालय के कक्षा चार के छात्र गतिक साह ने सामान्य ज्ञान विषय में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल और टेबलेट जीता है। राज्य स्तर पर कक्षा तीन की छात्रा आराध्या जोशी ने विज्ञान में दूसरा स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल और 1200 रुपये, कक्षा छह के अंश भाकुनी ने विज्ञान में तीसरा स्थान पाकर गोल्ड मेडल और एक हजार रुपये, कक्षा आठ के प्रियांशु भाकुनी ने सामान्य ज्ञान में पांचवां स्थान पाकर गोल्ड मेडल और एक हजार रुपये, कक्षा आठ के अमन मौर्य ने विज्ञान में छठा स्थान पाकर गोल्ड मेडल और 700 रुपये, कक्षा दस की रुचि नेगी ने कला में नौवां स्थान पाकर गोल्ड मेडल और 500 रुपये पुरस्कार राशि प्राप्त की है। संस्था द्वारा पहले दस स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है। कक्षा तीन के कुनाल नेगी ने कला, अभिज्ञान जोशी ने सामान्य ज्ञान, कक्षा चार के सिद्धांत ने विज्ञान, कक्षा पांच की निहारिका साह ने निबंध, कक्षा छह के ईशान शाही ने गणित, कक्ष सात के नकुल बिष्ट ने अंग्रेजी, कक्षा सात की महिमा तिवारी ने निबंध, कक्षा आठ के नमन पांडे ने निबंध, कक्षा नौ की साक्षी जोशी ने निबंध, कक्षा नौ के श्रीश कुमार ने गणित, कक्षा नौ की कुमकुम पांडे ने विज्ञान में एक्सलेंस अवार्ड प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी, प्रधानाचार्य सुरोना चौधरी सहित शिक्षाक, शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता जताई है।
Registration for Class XIth Started

सास से विवाद होने पर महिला ने खाया जहर

रामनगर। पारिवारिक क्लेश के चलते सास से विवाद होने पर एक महिला सहित दो लोगों ने विषैले पदार्थ का सेवन किया। जानकारी के अनुसार ग्राम तेलीपुरा निवासी अंजली पत्नी विक्की सुबह कोटद्वार रोड स्थित पानी की टंकी के पास बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। इसी बीच वहां से गुजर रहे वीरेंद्र तिवारी नाम के युवक ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे अपनी बाइक पर बैठाकर तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इसी बीच सूचना मिलने पर महिला की सास व पति के अलावा उसकी मां भी अस्पताल पहुंच गई। जहां महिला की मां व सास के बीच जमकर तीखी नोकझोंक भी हो गई। महिला ने बताया कि उसका अपनी सास से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिस कारण उसने विषैले पदार्थों का सेवन कर लिया। वहीं महिला को उपचार के लिए अस्पताल आने के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रिफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में देर रात मोहल्ला खताड़ी निवासी इकराम की 17 वर्षीय पुत्री निशा ने भी अज्ञात कारणों के चलते विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

बैंक खाते से साढ़े 27 हजार उड़ाये

खटीमा। साइबर ठग ने एटीएम कार्ड का नम्बर पूछकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खाते से 27 हजार पांच सौ रुपये उड़ा लिये। ग्राम सभा जमौर पटरिया निवासी सरिता आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। सरिता ने बताया कि शनिवार को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने बैंक से बोलने की बात करते हुए एटीएम कार्ड बदलने के लिए कार्ड का नम्बर बताने को कहा। इस पर उसने एटीएम कार्ड का नम्बर बता दिया। थोड़ी देर बाद ही उसके मोबाइल पर बैंक खाते से 27 हजार पांच सौ रुपये निकलने का मैसेज आ गया। उसके खाते में मात्र 60 रुपये बचे हैं। सत्रहमील चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय ने कहा कि बैंक खाते से रुपये निकालने की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

MANAS PUBLIC SCHOOL
DHUNGADHARA, ALMORA (U.K.) 263601
Mob.9412951913, 7500923872, 9639507892, 8191036735
E-mail : manaspublicschoolalmora@gmail.com,kbisht155@gmail.com

मानस पब्लिक स्कूल ढूंगाधारा अल्मोड़ा एक दशक पूर्व अपने स्वप्न रूपी मंदिर अर्थात ज्ञान के मंदिर के साथ शुरू हुआ, एक ऐसा विद्यालय हैं जहां बच्चे घर जैसा माहौल महसूस कर आज के प्रतियोगी युग के लिए योद्धा की तरह तैयार होकर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानाचार्या निराजना पांडे बतातीं हैं कि विद्यालय में शैक्षिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। नमामि गंगे प्रतियोगिता के साथ अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और खेल स्पर्धाओं में बच्चों ने भाग लिया है। प्रबंधक निदेशक कमल कुमार बिष्ट ने बताया कि नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश शुरू हो गये हैं। विद्यालय में शैक्षिक माहौल के साथ संगीत, नृत्य, वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चे सफलता प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में सुसज्जित और नवीन पुस्तकों से युक्त पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष, नवीन उपकरणों से सुसज्जित विज्ञान लैब भी है। विद्यालय भवन उचित भौगोलिक वातावरण व अनुरूप परिस्थितियों के अनुसार है। सीसीटीवी से सुसज्जित है। विद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं के मानसिक, बौद्धिक और सर्वांगीण विकास के प्रति वचनबद्ध है। निदेशक मंजू बिष्ट ने बताया कि बच्चों को भयमुक्त और सौहादपूर्ण माहौल में शिक्षा दी जाती है। विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। साथ ही विद्यालय में 25 फीसदी अपवंचित वर्ग के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित हैं।
Managing Director : Kamal Kumar Bisht

SHARDA PUBLIC SCHOOL, ALMORA
QUALITY EDUCATION-FOR A BETTER TOMORROW!!
Affiliated to Central Board of Secondary Education (C.B.S.E.)

(PLAY GROUP to CLASS XI TH)
For Academic session 2019-20
Highlights/Facilities Provided at Sharda Public School:
♦Strictly as per CBSE curriculum ♦Extensively Qualified and Experienced Faculty ♦Well-equipped Physics, Chemistry, Biology. Geography, Psychology and Computer Labs ♦Availability of Seminar hall ♦A well stocked Library ♦Brellent CBSE board results ♦Extra spacious class rooms ♦Equal importance to arts, sports, extracurricular as well as theatre, yoga, dance, music, language classes and co curricular activites. ♦Doctor on call ♦Specialized Career and Behavioral Counseling ♦Science, Commerce and Humanities Stream of fered ♦Smart classes ♦Visits by foreign educators.
अल्मोड़ा शहर के मध्य में स्थित शारदा पब्लिक स्कूल आज अल्मोड़ा नगर की एक जानी मानी पहचान बन गया है। इस विद्यालय की अल्मोड़ा नगर में दो शाखाएं हैं। पहली शाखा रेडियम के निकट विवेकानन्द पुरी में हैं, जिसमें प्ले से कक्षा तीन तक बच्चे पढ़ते हैं दूसरी शाखा सर्किट हाउस के पास दुगालखोला में स्थित है, जहां कक्षा चार से 12 वीं कक्षा तक के बच्चे अध्ययन करते हैं। इसके अलावा विद्यालय की दो अन्य शाखाऐं क्रमशः चाड़ेश्वरा और डोका में भी संचालित हैं। इस विद्यालय में विज्ञान और वाणिज्य के अतिरिक्त कला वर्ग की कक्षाओं का संचालन प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया जाता है। शारदा पब्लिक स्कूल के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थी पिछले तीन सालों से सी.बी.एस.ई. की बोर्ड परीक्षाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर टॉपर रहें हैं। हमारे शहर में ही नहीं बल्कि आस-पास के शहरों में भी यह विद्यालय एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय शिक्षा के केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है। विगत कई वर्षों से यह विद्यालय न केवल छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं के संचालन में सफल रहा है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी विशेष रूप से अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं यहां विदेशी शिक्षकों द्वारा भी शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाता है जिनसे छात्र विदेशी संस्कृति और विविध भाषाओं का ज्ञानार्जन करते हैं।
पढ़ाई के अतिरिक्त स्वच्छता, वृक्षारोपण, अपनी संस्कृति के संरक्षण पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम और संस्कृति के संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविविधियों का आयोजन भी विद्यालय की चारो शाखाओं में किया जाता है। हमारे शहर की मुख्य समस्याओं जैसे कूड़ा निस्तारण और गीले व सूखे कूड़े के लिए अलग-अलग कूड़ेदानों का प्रयोग करने के लिए बच्चों को विविध कायक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जाता है। विद्यालय में छोटे बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्हे विविध क्रियाकलापों के माध्यम से बोझ रहित गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है।
वर्तमान में विद्यालय की चारों शाखाओं में बारह सौ बच्चे अध्ययनरत हैं जिन्हें प्रशिक्षित 80 शिक्षकों द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में गर्ल्स क्लब, ईको क्लब, जेंडर इक्वालिटी क्लब भी है जहां बच्चों को विषय संबंधित सारी जानकारियां प्राप्त होती है।
For further information, please visit us at:
SHARDA PUBLIC SCHOOL, Senior Wing
Deodar House, Cantonment Area, Almora-263601
Or Call us on : 05962-230283, 236073, 236611
Or Email us at : shardapublicschool@yahoo.co.in
you can connect with us on Facebook at : www.facebook.com/spsschool.almora
Website:www.shardapublicschool.com

सर्वश्रेष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा हेतु
☞ गुर्दे फेल होना ☞ कैंसर ☞ बाल झड़ना
☞ गुर्दे की पथरी ☞ लीवर के रोग ☞ सफेद दाग
☞ स्तन की गांठ ☞ थायराइड ग्रन्थि के रोग ☞ सेरियासिस
☞ बच्चेदानी की गांठ ☞ अर्थराइटिस ☞ एलर्जी
☞ ओवेरी में सिस्ट ☞ सेक्स सम्बन्धित समस्यायें ☞ दमा
☞ प्रोस्टेट ग्रन्थि ☞ पाइल्स, फिशर, भगन्दर ☞ माइग्रेन
☞ मस्से एवं गोखरु ☞ खूनी बवासीर ☞ मनोरोग
☞ ल्यूकोरिया ☞ मुहासे, झाईयां ☞ टॉन्सिल
साहस होम्यो क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर
डॉ.एन.सी.पाण्डेय बी.एच.एम.एस., वरिष्ठ होम्